# अध्याय 18

# मुद्रा

**अधिगम बिन्दु**

- हिसाब – किताब आदि के संदर्भ में रूपये – पैसे का उपयोग
- जोड़ना – घटाना, गुणा–भाग सभी संक्रियाओं का प्रयोग।
- विद्यालय के बाल मेले में मीरा ने एक दुकान लगाई जिसमें कई वस्तुओं की बिक्री की सूची दुकान पर लटका रखी है।



अलका ने मीरा को 10 रु दिये। मीरा ने अलका को सामान दे दिया। अलका सामान लेकर घर गई। उसकी बड़ी बहिन ने कहा – कितने पैसे का सामान खरीदा ? अलका उसका जवाब नहीं दे पाई।

फिर उसकी बहिन ने पूछा – कितने पैसे बचे? उसने कोई जवाब नहीं दिया?

आओ हम हिसाब – किताब में रुपये–पैसों के हिसाब किताब पर चर्चा करते हैं।

पिछली कक्षा में हमने इन मुद्राओं के बारे में अध्ययन किया है।

इस कक्षा में हम मुद्राओं के बारे में जानेंगे –




25 पैसे



50 पैसे



1 रू. का सिक्का



1 रू का नोट



5 रू. का सिक्का




5 रू. का नोट




10 रू. का नोट




20 रू. का नोट




50 रू. का नोट





100 रू. का नोट




500 रू. का नोट




1000 रू. का नोट




1000 रू. के खुले करते है।



**उदाहरण 1** सुरेश और मनोज के पिताजी ने सुरेश को 200 रूपये 75 पैसे और मनोज को 350 रुपये 50 पैसे दिए। बताइए दोनो को कुल कितने रुपये दिए ?

**हल**

+1रु.

सुरेश के लिए = 200 रुपये 75 पैसे
मनोज के लिए = 350 रुपये 50 पैसे

कुल रूपये = 551 रुपये 25 पैसे

**उदाहरण 2** सीता को बाजार से सामान लाने के लिए 2000 रु. दिए उसमें से 747 रु. 50 पैसे के सामान ले लिए। बताइए उसके पास कितने रुपये बचे।

**हल**

| | रुपये | पैसे |
|---|---|---|
| | (-1रु) 1999 | |
| कुल रुपये | 2000 | 100 |
| खर्च | 747 | 50 |
| शेष रुपये | 1252 रुपये | 50 पैसे |

**उदाहरण 3** एक पेन का मूल्य 10 रु. 50 पैसे है तो 25 पेन का मूल्य कितना होगा?

**हल** 1 पेन का मूल्य = 10 रु. 50 पैसे

25 पेन का मूल्य = 10 रू. 50 पैसे x 25

250 रु. 1250 पैसे (1250 = 12 रू. 50 पैसे)

+ 12 रु.

262 रु. 50

कुल मूल्य = 262 रु. 50 पैसा

**उदाहरण 4** 8 कुर्सियों का मूल्य 8044 रुपये है तो एक कुर्सी का मूल्य कितना होगा ?

**हल** 8 कुर्सियों का मूल्य = 8044 रुपये

1 कुर्सी का मूल्य = 8044 ÷ 8

**भागफल**

```
      1005 रु 50 पैसे
   8) 8044  (
    - 8
    -----
        044
      - 40
          4 रु. = 400 पैसे
                  400
                  000
```

उत्तर = 1005 रु. 50 पैसे

**उदाहरण 5** 6 रु. 75 पैसे X 6 को हल करे।

```
 रु.          पैसे
  6            75
           X    6
 -----------------
 36           450      450 पैसे = 4 रु. 50 पैसे
 -----------------
 (+4)
 -----------------
 40            50
```

अतः 6 रु. 75 पैसे X 6 = 40 रु. 50 पैसे

## प्रश्नावली 18

**प्रश्न 1** – रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए ?

(i) 100 रुपये = 10 रुपये के ______ नोट

(ii) 500 रुपये = 10 रुपये के ______ नोट

(iii) 1000 रुपये = 10 रुपये के ______ नोट

(iv) 50 रुपये = 50 पैसे के ______ सिक्के

(v) 10 रुपये = 25 पैसे के ______ सिक्के

**प्रश्न 2** एक दुकानदार ने 23 रु. 50 पैसे की शक्कर तथा 18 रुपये 75 पैसे का आटा दिया तो उसने कुल कितनी राशि का सामान दिया ?

**प्रश्न 3** हल करें–

(i)

| | रु. | पैसे |
|---|---|---|
| | 22 | 60 |
| + | 6 | 70 |

(ii)

| | रु. | पैसे |
|---|---|---|
| | 40 | 50 |
| + | 50 | 50 |

(iii)

| | रु. | पैसे |
|---|---|---|
| | 213 | 90 |
| + | 22 | 60 |

(iv)

| | रु. | पैसे |
|---|---|---|
| | 305 | 10 |
| + | 13 | 95 |

(v)

| | रु. | पैसे |
|---|---|---|
| | 27 | 10 |
| – | 13 | 60 |

(vi)

| | रु. | पैसे |
|---|---|---|
| | 49 | 30 |
| – | 24 | 80 |

(vii) 10 रु. 40 पैसे X 9

(viii) 32 रु. 70 पैसे X 8

(ix) 21 रु. 42 पैसे X 9

(x) 42 रु. 60 पैसे X 3

**प्रश्न 4** मनोज 319 रु. 50 पैसे लेकर बाजार गया। बाजार से उसने 217 रु. 75 पैसे का सामान खरीदा। बताओ, अब उसके पास कितनी राशि शेष रही ?

**प्रश्न 5** एक बोरी शक्कर का मूल्य 1276 रुपये 25 पैसे हो तो 5 बोरी शक्कर का मूल्य कितना होगा?

**प्रश्न 6** यदि 12 लीटर पेट्रोल का मूल्य 799 रुपये 80 पैसे है तो 1 लीटर पेट्रोल का मूल्य कितना होगा?

**प्रश्न 7** स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में प्राप्त पारितोषिक राशि 868 रूपये को 8 बच्चों में बराबर–बराबर बॉटने पर प्रत्येक बच्चे को कितनी राशि मिलेगी ?

**प्रश्न 8** गीता ने 30 रुपये 75 पैसे के आम तथा 23 रुपये 50 पैसे के केले खरीदे। उसने कुल कितनी राशि के फल खरीदे ?